प्रेषक,

रमेश सिंह,
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, कासगंज ।

सेवा में,

ज्वाइंट रजिस्ट्रार (एडमिन–I),
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद ।

विषय – माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक सं0–/IV-2611/Admin (A-4)/ Dated ; Allahabad के सम्बन्ध में, प्रापर्टी स्टेटमेन्ट पर की गयी आपत्तियों के सम्बन्ध में अतिरिक्त आख्या ।

महोदय,

विनम्र निवेदन करना है कि, उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में दिनॉक 06.08.2021 को मेरे द्वारा अनुपालन आख्या प्रेषित कर दी गयी थी किन्तु कुछ बिन्दु छूट गए थे जिसके कारण यह अतिरिक्त आख्या प्रेषित की जा रही है जो निम्न प्रकार है–

1. यह कि, माह अक्टूबर 2010 में मेरे द्वारा मारूती स्विफट डिजाइर कार ली गयी जिसके लिए मुव0 4,00,000/–रूपया पंजाब नेशनल बैंक से लोन लिया गया था, इसकी विस्तृत सूचना मेरे द्वारा पूर्व में अलग से निर्धारित प्रारूप में प्रेषित की गयी थी, कुल मुव0 4,00,000/–रूपया का लोन पंजाब नेशनल बैंक से माह अक्टूबर 2010 में लिया गया था जो सात वर्ष के लिए अर्थात् 84 मासिक किश्तें निर्धारित की गयी थी तथा प्रतिमाह किश्त मुव0 6,800/–रूपये था ।

यह कि मारूती स्विफट डिजाइर कार जिसका रजि0 नं0–U.P. 13X 4044 है जो मेरे द्वारा माह अक्टूबर 2010 में क्रय की गयी थी जिसकी विस्तृत सूचना मेरे द्वारा निर्धारित प्रारूप में दिनॉक 22.12.2010 को जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर के पत्रांक सं0–6806/I/ दिनॉकित 23.12.2010 द्वारा प्रेषित की गयी थी, जिसमें मेरे द्वारा पूरा विवरण उपलब्ध कराया गया था ।

2. यह कि R.D. A/c No- 0170007600000223 पंजाब नेशनल बैंक, फ्लैक्सी दिनॉक 21.01.2013 को ली गयी थी, जिसका वार्षिक प्रीमियम मुव0 75,000/–रूपये था तथा यह R.D. परिपक्व हो गयी है जिसकी परिपक्वता की धनराशि मुव0 3,87,183/–रूपये हैं तथा यह R.D. वर्तमान में समाप्त हो चुकी है ।

3. मेरे द्वारा पोस्टल लाईफ इंश्योरेन्स पॉलिसी ली गयी हैं जो वर्तमान में चल रही हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार से है –

ए. पहली पॉलिसी PLI No–U.P. 107604-CC दिनॉकित 25.07.2004 है जो मुवलिग 5,00,000/–रूपये के लिए है, जिसका मासिक प्रीमियम मुव0 2,075/–रूपये है ।

बी. दूसरी पॉलिसी PLI No-U.P. 215464-CC दिनॉकित 25.11.2010 है, जिसकी बीमा धनराशि मुवलिग 3,00,000/–रूपये है, जिसका मासिक प्रीमियम मुव0 1,845/–रूपये है ।

सी. पॉलिसी PLI No-U.P. 252695 C C दिनॉकित 29.11.2011 है यह पॉलिसी मुवलिग 2,00,000/–रूपये के लिए है, जिसका मासिक प्रीमियम मुव0 1,350/–रूपये है ।

4. मेरे द्वारा पंजाब नेशनल बैंक से दो एफ0डी0आर0 बनवाये गए जो निम्न प्रकार हैं –

ए. F.D.R. No-098300 P.U 00011810 मुव0 6,00,000/–रूपये की पंजाब नेशनल बैंक से बनवाने की तिथि 22.03.2016 है ।

बी. F.D.R. No-098300 P.U 00012697 मुव0 4,00,000/–रूपये की पंजाब नेशनल बैंक से बनवाने की तिथि 06.05.2016 है ।

मेरा विनम्र निवेदन है कि, वित्तीय वर्ष 2014–2015, 2015–2016, 2016–2017 एवं वित्तीय वर्ष 2017–2018 में अन्य कोई चल व अचल सम्पत्ति मेरे द्वारा अर्जित नहीं की गयी है तथा कार्य की अधिकता एवं ध्यान से हट जाने के कारण आख्या प्रस्तुत करने में विलम्ब हुआ है जिसके लिए मैं, क्षमा प्रार्थी हूँ, भविष्य में ध्यान रखा जायेगा ।

आख्या माननीय न्यायालय की सेवा में सादर प्रेषित है ।

सादर ।

भवदीय,

28.10.2021

(रमेश सिंह),
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, कासगंज ।

दिनॉक 28.10.2021